## Regarding non payment of compensation to farmers for land acquisition

श्री अवधेश प्रसाद **(फैज़ाबाद) :** महोदया, मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया । जनपद अयोध्या, जो मर्यादा पुरुषोत्तम राम की धरती है, वहां के किसानों को बड़े पैमाने पर उजाड़ा गया है । मेरे पास परसों माझा जमथरा से काफी संख्या में किसान आए थे । करीब 2000 किसान अपने खेतों को जोतने के लिए, बोने के लिए, कब्जा करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से रोके जा रहे हैं । यही नहीं, माझा बरहटा में बहुत बड़े पैमाने पर राम-पथ बनाने के लिए, एयरोड्रम बनाने के लिए अयोध्या जनपद की तमाम जमीन ले ली गई और उनको मुआवजा भी नहीं दिया गया । मुआवजे के लिए सर्कल रेट मुनासिब होता है । उत्तर प्रदेश का अयोध्या ऐसा जनपद रहा है, जहां पर 7 साल से सर्कल रेट का निर्धारण नहीं हुआ, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारे किसानों की जमीन कौड़ियों के दाम पर ले ली गई और करोड़ों रुपयों में बाहरी लोगों को बेचने का काम किया गया है । यह सिलसिला तेजी से चल रहा है । हम सरकार से मांग करते हैं कि जिन किसानों की जमीन कौड़ियों के दाम पर ली गई है, उनको मुआवजा दिया जाए । ? (व्यवधान)